Title: Need to construct Railway overbridges at Fatehganj west and Mirganj in Bareilly, U.P.- Laid.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, मेरा निर्वाचन क्षेत्र बरेली, जो राट्रीय राजमार्ग 24 (दिल्ली-लखनऊ मार्ग) पर स्थित है, वहां फतेहगंज पश्चिमी और मीरगंज स्थानों पर रेल उपरगामी सेतु की अत्यंत आवश्यकता है। इस संबंध में पहले भी मैं रेल मंत्री से आग्रह कर चुका हूं। इस राट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक यातायात होने के कारण उक्त दोनों स्थानों पर वाहनों को लम्बे समय तक रूकना पड़ता है और काफी समय बर्बाद होता है।

मेरा रेल मंत्री से आग्रह है कि अत्यधिक यातायात और यात्रियों की असुविधा को देखते हुए बरेली क्षेत्र में फतेहगंज पश्चिमी और मीरगंज में रेल उपरगामी सेतु बनाने की स्वीकृति प्रदान करें।